भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †37
सोमवार, 21 जुलाई, 2025/30 आषाढ़, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**एसएएससीआई योजना**

†37. **श्री दुष्यंत सिंह:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार "पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना" (एसएएससीआई) के अंतर्गत परियोजनाओं के चयन को किस प्रकार प्राथमिकता देती है और इस प्रक्रिया के लिए अपनाए गए विशिष्ट मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ख) कम लोकप्रिय स्थलों पर केंद्रित 40 अनुमोदित परियोजनाओं के सफल विकास और पूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही रणनीतियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर इन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए कोई पहल की है और ऐसी पहलों को किस प्रकार क्रियान्वित किया जा रहा है; और

(घ) यदि हाँ, तो सहयोग, समय-सीमा और अपेक्षित परिणामों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' (एसएएससीआई) नामक योजना के लिए परिचालन संबंधी दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसका उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का व्यापक विकास और वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग तथा मार्केटिंग करना है।

इस प्रयास की मुख्य विशेषताओं में सम्पूर्ण पर्यटक अनुभव का विकास करना, चयनित प्रस्तावों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, पर्यटक वैल्यू चैन के सभी बिंदुओं को मजबूत करना, डिजाइन और विकास, सतत संचालन और रखरखाव आदि के लिए गुणवत्तापूर्ण विशेषज्ञता का उपयोग करना शामिल है।

इन परियोजनाओं को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों, निर्धारित मापदंडों जैसे कि स्थल से कनेक्टिविटी, पर्यटक इको सिस्टम, वहन क्षमता, स्थिरता संबंधी उपाय, सतत संचालन और प्रबंधन, परियोजना प्रभाव और सृजित मूल्य, पर्यटन विपणन योजना आदि के अनुसार की गई जांच और योजना दिशानिर्देशों में वर्णित संस्थागत कार्यढांचे के आधार पर चिह्नित किया गया है।

योजना के दिशानिर्देशों के अनुसार, परियोजनाओं का कार्यान्वयन और प्रबंधन संबंधित राज्य सरकार द्वारा किया जाता है और परियोजनाओं को अधिकतम 2 वर्ष की अवधि के भीतर विकसित और पूरा करना होता है, जबकि भारत सरकार इस योजना के तहत 31 मार्च, 2026 तक निधियाँ जारी करेगी। "पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता" (एसएएससीआई) योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय अपने सतत प्रचार संबंधी कार्यकलापों के तहत देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का सोशल मीडिया, प्रचार वेबसाइटों, कार्यक्रमों आदि के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजारों में नियमित रूप से संवर्धन करता है।

*****

**अनुबंध**

श्री दुष्यंत सिंह द्वारा एसएएससीआई योजना के संबंध में दिनांक 21.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †37 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | गंडीकोटा में फोर्ट एवं गोर्ज एक्सपीरियंस का संवर्धन | 77.91 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | राजा महेंद्रवरम में अखंड गोदावरी- (हेवलॉक ब्रिज और पुष्कर घाट) | 94.44 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | पासीघाट में सियांग एडवेंचर और इको-रिट्रीट, | 46.48 |
| 4. | असम | 2024-25 | गुवाहाटी में असम राज्य चिड़ियाघर सह वनस्पति उद्यान | 97.12 |
| 5. | असम | 2024-25 | शिवसागर में रंग घर का सौंदर्यीकरण | 94.76 |
| 6. | बिहार | 2024-25 | सहरसा में मत्स्यगंधा झील का विकास | 97.61 |
| 7. | बिहार | 2024-25 | करमचट में करमचट इको पर्यटन और एडवेंचर हब | 49.51 |
| 8. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | रायपुर में चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास | 95.79 |
| 9. | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | रायपुर में जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास | 51.87 |
| 10. | गोवा | 2024-25 | पोंडा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय | 97.46 |
| 11. | गोवा | 2024-25 | पोरवोरिम में टाउनस्क्वेयर | 90.74 |
| 12. | गुजरात | 2024-25 | केरली (मोकरसागर), पोरबंदर में इको-पर्यटन गंतव्य | 99.50 |
| 13. | गुजरात | 2024-25 | धोर्डो में टेंटेड सिटी और कन्वेंशन सेंटर | 51.56 |
| 14. | झारखंड | 2024-25 | कोडरमा में तिलैया का इको-पर्यटन विकास | 34.87 |
| 15. | कर्नाटक | 2024-25 | रोएरिच और देविका रानी एस्टेट टाटागुनि, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र | 99.17 |
| 16. | कर्नाटक | 2024-25 | बेलगावी में सवादत्ती यल्लम्मागुड्डा का विकास | 100.00 |
| 17. | केरल | 2024-25 | कोल्लम में अष्टमुडी जैव विविधता और इको मनोरंजन केंद्र | 59.71 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18. | केरल | 2024-25 | सरगालया में मालाबार के सांस्कृतिक क्रूसिबल का ग्लोबल गेटवे | 95.34 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | ओरछा एक मध्यकालीन वैभव | 99.92 |
| 20. | मध्य प्रदेश | 2024-25 | भोपाल में एमआईसीई के लिए अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर | 99.38 |
| 21. | महाराष्ट्र | 2024-25 | सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन | 46.91 |
| 22. | महाराष्ट्र | 2024-25 | नासिक में "राम-काल पथ" का विकास | 99.14 |
| 23. | मणिपुर | 2024-25 | लोकटक में लोकटक लेक एक्सपीरियंस | 89.48 |
| 24. | मेघालय | 2024-25 | मावखानू में एमआईसीई अवसंरचना | 99.27 |
| 25. | मेघालय | 2024-25 | शिलांग में उमियम झील का पुनर्विकास | 99.27 |
| 26. | ओडिशा | 2024-25 | हीराकुंड का विकास | 99.90 |
| 27. | ओडिशा | 2024-25 | सतकोसिया का विकास | 99.99 |
| 28. | पंजाब | 2024-25 | एसबीएस नगर के खटकर कलां में शहीद-ए-आजम, सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में हेरिटेज स्ट्रीट का विकास | 53.45 |
| 29. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में आमेर-नाहरगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र का विकास | 49.31 |
| 30. | राजस्थान | 2024-25 | जयपुर में जल महल का विकास | 96.61 |
| 31. | सिक्किम | 2024-25 | नामची में स्काईवॉक, भालेढुंगा, यांगांग | 97.37 |
| 32. | सिक्किम | 2024-25 | नाथुला में बॉर्डर एक्सपीरियंस | 68.19 |
| 33. | तमिलनाडु | 2024-25 | मामल्लापुरम में नंदवनम हेरिटेज पार्क का विकास | 99.67 |
| 34. | तमिलनाडु | 2024-25 | देवला में फूलों का बगीचा | 70.23 |
| 35. | तेलंगाना | 2024-25 | रामप्पा में रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ | 73.74 |
| 36. | तेलंगाना | 2024-25 | नल्लामाला में सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक रिट्रीट | 68.10 |
| 37. | त्रिपुरा | 2024-25 | गोमती के बंडुआर में शक्ति पीठ पार्क | 97.70 |
| 38. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | आगरा जिले में बटेश्वर का विकास | 74.05 |
| 39. | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास | 80.24 |
| 40. | उत्तराखंड | 2024-25 | प्रतिष्ठित शहर ऋषिकेश: ऋषिकेश में राफ्टिंग बेस स्टेशन | 100.00 |
| | | | **कुल** | **3295.76** |

*****